## सफलता 'मंथन' की, क्रमशः .................



**सीहोर।** विजय बबेले सौरभ नगर चाँदबढ़ भोपाल के निवासी हैं। इन्होंने सन् 2011-12 में आईटीआई अमलाहा जिला सीहोर में डी.एम. ट्रेड में एडमीशन लिया।

विजय बबेले ने बताया कि आईटीआई करने की प्रेरणा मुझे मेरे स्कूल के शिक्षकों द्वारा प्राप्त हुई। विजय बबेले आईटीआई उत्तीर्ण करने के पश्चात् रेलवे विभाग में नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मंथन आईटीआई के शिक्षको तथा समस्त स्टॉफ को देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## जिलों से

● रिपोर्टर

### भोपाल में बैठेंगे साइबर सब रजिस्ट्रार, प्रदेश में कहीं भी कर सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्री




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जल्द ही प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराना बहुत आसान हो जाएगा। दरअसल, भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित पंजीयन भवन में साइबर पंजीयन कार्यालय बनाया जा रहा है। इसमें साइबर सब रजिस्ट्रार बैठेंगे और प्रदेश के किसी भी जिले में खरीदी गई जमीन, मकान, प्लाट सहित अन्य प्रापर्टी की रजिस्ट्री करवा सकेंगे। जानकारी के अनुसार यह पूरी व्यवस्था वर्चुअल रहेगी, जिसमें स्लाट बुकिंग से लेकर सब कुछ ऑनलाइन रहेगा। अब चाहे खरीदार मध्य प्रदेश का हो या फिर अन्य प्रदेश व विदेश का ही क्यों न हो, इस सुविधा का लाभ तय पंजीयन शुल्क जमा कर ले सकेगा।

**ट्रायल के तौर पर दो खरीदारों की रजिस्ट्री हुई**

बताया जा रहा है कि यह व्यवस्था संभवतः नए वर्ष में शुरू हो जाएगी। संपदा-टू सॉफ्टवेयर की शुरुआत के बाद यह सुविधा शुरू की जा रही है। ट्रायल के तौर पर विदेश के दो खरीदारों की प्रापर्टी की ऑनलाइन रजिस्ट्री हुई है।

**सात से 10 साइबर सब रजिस्ट्रार**

अरेरा हिल्स स्थित पंजीयन भवन में साइबर पंजीयन कार्यालय बनाया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक मशीनों के साथ कंप्यूटर और कैमरे लगाए जा रहे हैं। यहां करीब सात से 10 साइबर सब रजिस्ट्रारों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। यहां रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया वर्चुअल होगी। इसके लिए इन सभी सब रजिस्ट्रारों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

**मतभेद** — विजयवर्गीय बोले- जनप्रतिनिधि संतुष्ट नहीं तो कचरा नहीं आएगा, मंत्री शाह ने कहा जिसे आपत्ति है, वह न्यायालय में चला जाए

# यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्रियों में मतभेद



● मंथन संवाददाता

**इंदौर।** यूनियन कार्बाइड का 337 टन जहरीला कचरा निस्तारण के लिए भोपाल से पीथमपुर लाने की कवायद के बीच नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर या पीथमपुर की सेहत के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे।

जब तक जनप्रतिनिधि इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाते कि इस कचरे से नागरिकों के स्वास्थ्य को कोई हानि नहीं है, तब तक इसे पीथमपुर नहीं आने देंगे। वहीं गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री विजय शाह का कहना है कि यह प्रक्रिया न्यायालय के आदेश पर पूरी की जा रही है।

**जहरीला कचरा दूसरे ट्रकों में भर दिया गया**

जिसे भी आपत्ति हो, वह न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखे। इधर, कचरा शिफ्टिंग के विरुद्ध हाई कोर्ट में एमजीएम मेडिकल कालेज एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से याचिका दायर करने वाले अभिनव धनोतकर ने आरोप लगाया कि जिन ट्रकों के जरिये कचरा शिफ्ट किया जाना है, सरकार ने उनके नंबर हाई कोर्ट में दिए थे, लेकिन जहरीला कचरा दूसरे ट्रकों में भर दिया गया। जिनमें कचरा भरा गया है, उन ट्रकों के नंबर अलग हैं।

**मंत्री विजय शाह ने कहा- उच्च न्यायालय के आदेश पर ही पीथमपुर भेज रहे**

इधर गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री विजय शाह का कहना है कि कचरा निष्पादन की कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश पर की जा रही है। आदेश का पालन करते हुए ही अधिकारी कार्य में जुटे हैं। इसमें केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम भी शामिल है। अब अगर किसी को इस प्रक्रिया पर आपत्ति है तो वह न्यायालय के समक्ष जा सकता है।

**उच्च न्यायालय के आदेश पर कचरा ले जा रहे**

उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में कचरे का निष्पादन किया जा रहा है। इस पर यदि किसी को आपत्ति है तो वह अपना पक्ष उच्च न्यायालय के समक्ष रख सकता है। यूका का कचरा उठाकर पीथमपुर पहुंचाने की पूरी कवायद उच्च न्यायालय के आदेश पर की जा रही है।

**- स्वतंत्र कुमार सिंह, संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग, भोपाल**

### पुलिस आवास से 2 युवतियां समेत तीन गिरफ्तार, नए साल के जश्न की आड़ में चल रहा था गंदा खेल!

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में नए साल के जश्न की आड़ में गड़बड़ झाले का खेल चलता रहा। यह खेल कहीं और नहीं बल्कि पुलिस के सरकारी आवास के एक फ्लैट में चल रहा था। जानकारी पर पुलिस ने देर रात दबिश दी। इस दौरान मौके से दो युवतियां और एक युवक को हिरासत में लिया। जबकि तीन से चार युवक मौके से भाग निकले। फिलहाल पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ में जुटी हुई है। शहर में नए साल के जश्न की आड़ में गलत हरकतें रोकने के लिए पुलिस का बेड़ा सड़कों पर मौजूद था, तो वहीं पुलिस के सरकारी आवास के फ्लैट 1002 में ही न्यू इयर पार्टी के नाम पर गड़बड़ झाले का खेल चलता रहा। हालांकि बात छिपी नहीं रही जिसके बाद सरकारी आवास में रहने वाले दूसरे पुलिसकर्मियों के परिवारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद सिरोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और देर रात उस फ्लैट पर दबिश दी। जहां पुलिस को कुछ लोग वहां मिले। जिसमें दो युवतियां और एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया।

वहीं तीन से चार युवक मौके से भाग निकले है। फ्लैट कोतवाली में पदस्थ आरक्षक विकास राजपूत का बताया जा रहा है। हाथ आए युवक से पुलिस उसके साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

**ड्रग्स तस्कर** — गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से कई गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, बलात्कार और अवैध शराब तस्करी जैसे मामले शामिल हैं

# एमडी ड्रग्स के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार, क्राइम ब्रांच ने की बड़ी कार्रवाई, राजस्थान-रतलाम-इंदौर के हैं आरोपी

● मंथन संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ के मुख्य सप्लायर सहित रतलाम और इंदौर के 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 52 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक स्कॉर्पियो कार और मोबाइल फोन समेत करीब 20 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम को किला मैदान स्थित गुटकेश्वर मंदिर के पास एक काली स्कॉर्पियो कार संदिग्ध हालत में दिखाई दी।

पुलिस को देखकर वाहन तेज गति से भागने की कोशिश की गई, लेकिन पीछा करने के बाद वाहन को रोक लिया गया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान उनके पास से 52 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इंदौर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस मामले में भी आरोपियों से पूछताछ कर उनके



नेटवर्क का खुलासा किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम अन्य तस्करों और नेटवर्क का पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है।

**महंगी गाड़ी का करते थे उपयोग**

आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नशे की लत लगाने के इरादे से छात्र क्षेत्रों में ड्रग्स की सप्लाई करने वाले थे। ड्रग्स की तस्करी के लिए महंगी गाड़ियों का उपयोग कर रहे थे ताकि शक न हो। गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से कई गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, बलात्कार और अवैध शराब तस्करी जैसे मामले शामिल हैं, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गैंग प्रतापगढ़ से ड्रग्स लाकर रतलाम और इंदौर में सप्लाई करता था।

**गिरफ्तार आरोपियों का रिकार्ड**

गोलू उर्फ आदिल खान (20 वर्ष) निवासी अरनोद, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) खेती के साथ ड्रग्स तस्करी करता है। 12वीं तक पढ़ा है। इसकी मुख्य सप्लायर के रूप में पहचान हुई। सद्दाम कुरैशी (27 वर्ष)निवासी सुभाष नगर झोपड़ी रतलाम 5वीं तक पढ़ा है। इस पर 7 गंभीर अपराध, जिनमें एनडीपीएस एक्ट और अवैध शराब तस्करी शामिल है। जावेद उर्फ रेहान शेख (30 वर्ष) निवासी नानक नगर इंदौर 8वीं तक पढ़ा है। इस पर 5 गंभीर अपराध, दर्ज है। शुभम उर्फ सन्नी नगर (25 वर्ष) निवासी पालदा नई गैंग का सदस्य है। जो ड्रग्स की तस्करी में शामिल।

**न्यू ईयर के पार्टी में खपाने की थी तैयारी**

डीसीपी ने आगे बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे 31 दिसंबर और नए साल पर होने वाली पार्टी के लिए ड्रग्स लेकर आए थे और युवाओं को ऊंचे दामों पर बेचने वाले थे। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पेज 1 का शेष

### आरएसएस करेगा दिल्ली में खेला! बढ़ गई केजरीवाल की टेंशन, चुपचाप इस काम...

'आप' ने दूसरे राज्यों से अपने सबसे अच्छे चुनाव प्रबंधकों को दिल्ली में कार्यकर्ताओं की मदद के लिए बुलाया है।

**'कांग्रेस के वोट शेयर में सुधार से बीजेपी को फायदा'**

एक वरिष्ठ बीजेपी पदाधिकारी ने माना कि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होगा, खासकर जहां जीत का अंतर कम था। कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ, बीजेपी पदाधिकारियों ने कहा कि उनके पास उन सीटों पर भी नतीजे बदलने का अच्छा मौका है जहां 'आप' पिछले चुनाव में बड़े अंतर से जीती थी। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस और 'आप' का वोट बैंक एक ही है, इसलिए कांग्रेस के वोट शेयर में सुधार से हमारी जीत की संभावनाएं सीधे तौर पर बढ़ेंगी।'

**मुकाबले में है कांग्रेस?:** 2020 के चुनावों में, कांग्रेस ने 66 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसके 3 उम्मीदवारों को 20,000 से अधिक वोट मिले। जबकि 5 को 10,001 से 20,000 के बीच वोट मिले। 20 उम्मीदवारों को 5,001 से 10,000 वोट मिले, जबकि 38 उम्मीदवार 5,000 से कम वोटों पर सिमट गए। एक कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा, 'हम न केवल कुछ सीटों पर नतीजों को प्रभावित करेंगे, बल्कि हमारे उम्मीदवार इस बार कई सीटें जीतेंगे। इस बार दिल्ली में नतीजे चौंकाने वाले होंगे।'

**भाजपा उम्मीदवारों की सूची तैयार! अरविंद केजरीवाल के सामने कौन?**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों की सूची का इंतजार अब खत्म होने ही वाला है। भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची लगभग तैयार हो गई है। भाजपा दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर एक साथ प्रत्याशी उतारने के मूड में नहीं है। सूत्रों के हवाले से सामने आ रही है कि भाजपा अपनी पहली सूची में 25 से 28 उम्मीदवार उतार सकती है। दिल्ली चुनाव 2025 में भाजपा ने भले ही अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं, मगर आम आदमी पार्टी ने 70 व कांग्रेस ने 47 सीटों पर प्रत्याशी घोषित भी कर दिए हैं।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 उम्मीदवार**

भाजपा दिल्ली की सत्ता से बीते 27 साल से दूर पहले कांग्रेस और अब बीते दो चुनाव से आम आदमी पार्टी दिल्ली में सरकार बना रही है। ऐसे में बीजेपी ने साल 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में सटीक रणनीति से उतर रही है। कमजोर सीटों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। वहां आम आदमी पार्टी से आए नेताओं को भी टिकट दिया जा सकता है।

**दिल्ली में चुनाव कब होंगे?:** बता दें कि दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म होने वाला है। ऐसे में इससे पहले दिल्ली की नई सरकार के लिए विधानसभा चुनाव होने हैं। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने अभी तक दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं किया है। दिल्ली चुनाव कब होंगे? इस सवाल का जवाब 10 जनवरी 2025 तक मिल सकता है।

**केजरीवाल के सामने भाजपा उम्मीदवार?**

सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा उम्मीदवारों की सूची 2 जनवरी की रात को जारी होने वाली थी, मगर अब 3 जनवरी को होने की उम्मीद है। वहीं, आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से मैदान में हैं। भाजपा नई दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल के सामने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को उतारा जा सकता है। दिल्ली पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे नेता प्रवेश वर्मा वर्तमान में दिल्ली पश्चिम से सांसद हैं।

**भाजपा उम्मीदवारों की सूची में देरी क्यों?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। गरीबों को 1675 फ्लैट्स की चाबी सौंपेंगे। दिल्ली की सियासत के जानकारों का कहना है कि पीएम मोदी का यह कार्यक्रम दिल्ली में भाजपा का चुनाव अभियान का आगाज है। इसके बाद 5 जनवरी को पीएम मोदी दिल्ली के रोहिणी के जापानी पार्क से एक 'परिवर्तन' रैली को संबोधित करेंगे।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के आप के 70 उम्मीदवारों की सूची**

1. बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से संजीव झा
2. बादली विधानसभा क्षेत्र से अजेश यादव
3. रिठाला विधानसभा क्षेत्र से मोहिंदर गोयल
4. बवाना विधानसभा क्षेत्र से जय भगवान
5. सुल्तानपुर माजरा विधानसभा क्षेत्र से मुकेश कुमार अहलावत
6. नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र से रघुविंदर शौकीन
7. शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से वंदना कुमारी
8. शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र से सत्येन्द्र कुमार जैन
9. त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रीति तोमर
10. वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से राजेश गुप्ता
11. मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से अखिलेश पति त्रिपाठी
12. सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र से सोमदत्त

**दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का अगले हफ्ते ऐलान**

दिल्ली विधान सभा चुनाव कार्यक्रम के एलान की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अगले हफ्ते की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हो जाएगी। इस संबंध में चुनाव आयोग सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है। निर्वाचन आयोग में उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक 12 से 14 फरवरी के बीच मतदान होने की उम्मीद है, और 17 फरवरी तक नतीजे घोषित किए जा सकते हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त 18 फरवरी को अपने पौने तीन साल के कार्यकाल के बाद रिटायर हो रहे हैं। दिल्ली विधान सभा का कार्यकाल 23 फरवरी को पूरा हो जाएगा। उससे पहले ही नई विधानसभा का गठन होना आवश्यक है। यानी 23 फरवरी से पहले ही निर्वाचन आयोग उपराज्यपाल को नव निर्वाचित विधायकों की सूची सौंप देंगे। विधानसभा में नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण 23 फरवरी या उससे पहले हो जाएगा।

**6 जनवरी तक जारी होगा वोटर लिस्ट**

निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया था कि छह जनवरी तक मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाए। सीईओ दफ्तर के सूत्रों का कहना है कि मतदाता सूची का स्पेशल समरी रिविजन यानी पुनरीक्षण का काम हो चुका है। वैसे नए मतदाता चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दस दिन बाद तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। वोटर लिस्ट विवाद को लेकर अपनी सफाई में आयोग के दिल्ली विभाग ने बताया था कि 6 जनवरी तक फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी जाएगी।